## खबर संक्षेप

### बैसाखी पर्व पर सरदार बलविंदर सिंह भोगल बने सिख समाज के नए अध्यक्ष



शहडोल। बैसाखी के शुभ अवसर पर शहडोल की सिख संगत ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से सरदार बलविंदर सिंह भोगल को सिख समाज का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर आयोजित विशेष सभा में समाज के वरिष्ठ सदस्यों एवं संगत ने एकमत से उनका नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया।सरदार बलविंदर सिंह भोगल की सामाजिक सेवाओं और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद समाज के सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की उम्मीद जताई।

### कांग्रेस द्वारा 14 अप्रैल को मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती




शहडोल। जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2025 को गरिमामय रूप से मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम कांग्रेस भवन, शहडोल में दोपहर 1:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता और आम नागरिक डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद करेंगे। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के विचारों और सिद्धांतों पर चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने समस्त कांग्रेसजन और आम नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं और यह आयोजन डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

### 5 अप्रैल से तीन दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेला

आगामी 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कालरी (उमरिया) में तीन दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य नवीन शैक्षणिक सत्र की आवश्यक सामग्री जैसे पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, कॉपी, स्टेशनरी आदि को विद्यार्थियों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मेले के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक कार्य दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे सौंपे गए उत्तरदायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें, जिससे मेला सुव्यवस्थित और लाभकारी रूप से संपन्न हो सके। यह मेला विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगा, जहाँ उन्हें एक ही स्थान पर सभी शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध होंगे।

## आरटीओ के संरक्षण में दौड़ रही बिना परमिट की दर्जनों बसें

# दुर्घटना के बाद लिया टूरिस्ट बीमा जीपीएस सिस्टम खोलेगा राज








### ग्राम असवारी के पास दुर्घटनाग्रस्त बस का मामला

### दादू एंड ट्रेवल्स एक बार फिर बना असमय मौत का कारण

**शनिवार की शाम लगभग 4:00 बजे के आसपास रीवा से शहडोल आ रही यात्री बस दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई, यात्री बस बिना परमिट के बीते कई माह से दौड़ रही थी, दुर्घटना के कुछ मिनट बाद टूरिस्ट परमिट कटवाया गया, पुलिस को गुमराह करने के लिए खेले गए इस खेल का राज बस में लगा जीपीएस सिस्टम और पैनिक बटन खोलेगा, बहरहाल बस मालिक और आरटीओ धन लोलुपता ट्रक चालक की मौत का सबक बन गई।**

शहडोल।

रीवा से होकर अमरकंटक जाने के लिए परिवहन विभाग रीवा के द्वारा दादू एंड ट्रेवल्स के संचालक मृगेंद्र मिश्रा के नाम पर कुछ वर्षों पूर्व बस का परमिट जारी किया गया था, बस क्रमांक एमपी 17 पी 1255 सुबह 7:00 बजे रीवा से चलती थी और 12:00 बजे शहडोल पहुंचकर 12:30 बजे शहडोल से अमरकंटक के लिए रवाना हो जाती थी, इस बस का परमिट बीते 4 फरवरी 2025 तक का था, उसके बाद परिवहन विभाग के अधिकारी और बस के संचालक आपसी सांठगांठ कर बिना परमिट के ही बस को दौड़ा रहे थे, मजे की बात तो यह है कि परिवहन विभाग रीवा ने इसी समय पर अनूपपुर के प्रहलाद छुगानी का एक और परमिट बस क्रमांक MP 65 P 0147 का भी जारी किया हुआ था, जो अपने आप में जांच का विषय है, बहरहाल शनिवार 12 अप्रैल की शाम करीब 4:00 बजे के आसपास जब यात्री बस क्रमांक MP 17 P 1255 ब्यौहारी, जयसिंहनगर से होती हुई गोहपारु के बाद असवारी मुख्य मार्ग पर पहुंची, इसी दौरान उत्तर प्रदेश की एक ट्रक से आमने-सामने भिड़ंत हो गई, इस भिड़ंत में उत्तर प्रदेश के रहने वाले मिथिलेश मिश्रा नामक ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई, घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू और उसके बाद जिला अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज शहडोल में शाम करीब 6:00 बजे के आसपास भर्ती कराया गया। सूचना के बाद गोहपारू पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तथा अन्य प्रक्रिया पूरी की, इस मामले को फिलहाल पुलिस ने जांच में लिया हुआ है, बस और ट्रक को दुर्घटना स्थल से हटकर आवागमन सुचारू किया गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस इस मामले की एक और जांच कर रही है वहीं दूसरी ओर इस मामले में परिवहन विभाग तथा बस मालिकों के बीच शासन को चूना लगाने और अपनी जेबें भरने का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसकी यदि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार अर्थात शहडोल और रीवा के संभाग आयुक्त ने जांच कराई तो इस मामले के अलावा दर्जनों ऐसे और मामले सामने आ सकते हैं, जिसमें बस मालिक और परिवहन अधिकारियों के द्वारा अपने ही विभाग को चूना लगाने का बड़ा खुलासा हो सकता है।







### मामले पर पर्दा डालने का नाकाम प्रयास

दादू एंड ट्रेवल्स की बस क्रमांक MP 17 P 1255 का रजिस्ट्रेशन परिवहन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर 3 जून 2015 का दिखाया जा रहा है, वही बस का बीमा और फिटनेस भी क्रमशः 2 दिसंबर और 18 दिसंबर 2025 तक जीवित है, लेकिन बस का परमिट 4 फरवरी 2025 को खत्म हो चुका था, यह बस रीवा के चाकघाट से शहडोल होती हुई अमरकंटक जाती थी, परिवहन विभाग के द्वारा इस बस का परमिट 4 फरवरी के बाद दोबारा बढ़ाया नहीं गया, शनिवार की शाम करीब 4:00 के आसपास जब बस ग्राम असवारी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई और लगभग दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए इसके ठीक बाद बस मालिक मृगेंद्र मिश्रा ने इस पूरे मामले में पर्दा डालने और खुद को बचाने के लिए परिवहन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल से 4:20 पर टूरिस्ट परमिट लिया गया, सीधी से लेकर शहडोल तक के लिए लिया गया, यह टूरिस्ट परमिट पुलिस और भविष्य में न्यायालय में जमानत और मृतक को मुआवजा न देने तथा घायलों को आर्थिक मदद देने से बचने के लिए किया गया , दादू ट्रैवल्स एंड कंपनी के द्वारा इस तरह की धोखाधड़ी पहली बार नहीं की गई है पूर्व के मामलों में भी इसी कंपनी की अलग-अलग षड़यंत्र रचकर दुर्घटनाग्रस्त होने पर इस तरह के खेल रचे गए हैं।

### जीपीएस सिस्टम सहित पार्टी परमिट की जांच की मांग

केंद्रीय मोटर परिवहन एक्ट के तहत सभी यात्री तथा माल वाहक वाहनों में जीपीएस सिस्टम की अनिवार्यता की गई है, शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हुई उक्त बस में भी लगे जीपीएस सिस्टम तथा पैनिक बटन एलटीडी की जांच दादू ट्रेवल्स के तथाकथित संचालकों के द्वारा रचे गए खेल का पर्दाफाश कर सकती है, जाहिर है कि बीते वर्ष में जब बस को परिवहन विभाग के द्वारा फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किया गया होगा, तब जीपीएस सिस्टम भी की भी जांच की गई होगी, इस मामले में संभाग आयुक्त तथा परिवहन विभाग के ग्वालियर में बैठे वरिष्ठ अधिकारियों से के जीपीएस रिपोर्ट तथा अक्षांश और देशांतर से संदर्भित जांच की मांग भी की गई है, इसके अलावा यदि बस का परमिट 4:20 पर सीधी से लेकर शहडोल के लिए जारी हुआ था, तो दुर्घटना इससे पहले लगभग 4 के आसपास कारित हुई, इससे यह स्पष्ट होता है कि यदि बस का परमिट 4:20 पर सीधी से शहडोल के लिए पिकनिक या रिजर्व पार्टी हेतु जारी हुआ था तो इतने कम समय में बस सीधी से चलकर असवारी तक कैसे पहुंच गई, पूरे मामले को दबाने के लिए झूठ की कई परतें बिछाई गई है जो परतदर परत खुलकर सामने आने लगी है।

### टूरिस्ट बस में ढोए जा रहे थे यात्री व सरकारी कर्मचारी

शनिवार की शाम लगभग 4:00 बजे के आसपास ग्राम असवारी के समीप जो बस दुर्घटनाग्रस्त हुई, उसमें डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिला चिकित्सालय के अलावा शहडोल मेडिकल कॉलेज में भी लगभग 11 पीड़ितों को भर्ती कराया गया था, जिसमें मोहन सिंह सोहागपुर के अलावा को गोहपारु के आनंद कुमार बैगा, ग्राम देवरी के सोमेश यादव, पुलिस लाइन शहडोल के विजय मिश्रा के साथ ही इंद्रावती बैगा, रामबाई, भैया लाल, रामजी सिंह, पप्पू सिंह जैसे कई नाम शामिल है। इन सबको लगभग शाम 6:00 बजे के आसपास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू से रेफर कर कर शहडोल भेजा गया था, जाहिर है 4:00 बजे दुर्घटना घटित होने के बाद पीड़ितों को दुर्घटनाग्रस्त बस से स्थानीय लोगों ने मदद कर बाहर निकाला, उसके बाद वाहनों का इंतजाम किया गया और उसमें एक-एक करके पीड़ितों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू भेजा गया, वहां उन्हें भर्ती किया गया, प्राथमिक उपचार हुआ और फिर हालात और खराब होने के बाद क्रमशः 2 से 4 करके सभी को शाम 6:15 तक मेडिकल कॉलेज शहडोल पहुंचाया गया। इनमें से कुछ लोग गोहपारू से, कुछ उसके पहले और कुछ अन्य स्थानों से यात्रा शुरू की थी, कुछ सरकारी कर्मचारी और शिक्षक भी हैं जो अपनी ड्यूटी पूरी करके इस बस में शहडोल आने के लिए चढ़े थे, नियमतह टूरिस्ट बस के लिए आवेदन करने के उपरांत सभी यात्रियों की एक सूची बनाकर उन्हें एक साथ एक स्थान से गंतव्य स्थान तक ले जाना चाहिए था, जबकि बस में चढ़े सभी यात्री टूरिस्ट ना होकर नियमित यात्री थे, जो अलग-अलग स्थान से अलग-अलग स्थान के लिए शुल्क देकर बस में यात्रा के लिए चढ़े थे और दुर्घटना का शिकार हो गए, परमिट जारी करके पूरे मामले को छुपाने का प्रयास किया गया, जिससे बीमा कंपनी को भी चपत लगाई जा सके और पुलिस की जांच और कार्यवाही के साथ ही न्यायालय प्रक्रिया को भी धोखे में रखा जा सके ।

### तो झूठा है सीधी से परमिट दिखाने का खेल

दादू एंड ट्रेवल्स के तथाकथित बस संचालक मृगेंद्र मिश्रा ने पहले तो शासन के राजस्व की चोरी की, वही प्रतिदिन दर्जनों यात्रियों की जान भी जोखिम सिर्फ परमिट शुल्क की बचत करने के लिए की। बताया जा रहा है कि बस बिना परमिट के दौड़ रही थी और बाद में इस मामले को दबाने के लिए और पुलिस कार्यवाही को गुमराह करने के लिए सीधी से शहडोल का परमिट बनाया गया, इस मामले में यदि पुलिस सीधी से शहडोल असवारी तथा ब्यौहारी, जयसिंह नगर क्षेत्र में लगे थानों की सीसीटीवी कैमरे और रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच करें तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि बस कितने समय कहां से गुजरी थी, बस सीधी से आ रही थी या फिर ब्यौहारी की ओर से, यात्री बस के रूप में दौड़ाई जा रही थी, सीसीटीवी कैमरा तथा जीपीएस सिस्टम की जांच से बस के दुर्घटना के समय की जहां जांच स्पष्ट हो जाएगी बस मालिक के द्वारा रचे के षड्यंत्र का भी खुलासा हो जाएगा।

## खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व पर सजाए गए विशेष कीर्तन दीवान



शहडोल।

खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व आज 13 अप्रैल दिन रविवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा घरौला मोहल्ला में मनाया गया। बैसाखी पर्व के अवसर पर विशेष कीर्तन दीवान सजाए गए। इस अवसर पर पंजाब के मारकंडे से आए भाई मनराज सिंह जी ने साथियों के साथ कीर्तन दीवान सजाया। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा शहडोल में 11 अप्रैल को श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की आरंभता हो चुकी थी। रोजाना सुबह एवं शाम विशेष कीर्तन दीवान गुरुद्वारे में सजाए जा रहे थे और उसके उपरांत लंगर भी बरताया जा रहा था। आज 13 अप्रैल दिन रविवार को श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति सुबह 8:30 बजे हुई। सुबह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी ने कीर्तन दीवान सजाया। 11:00 बजे से दोपहर 12:30 तक पंजाब से आए ज्ञानी मनराज सिंह जी अपने साथियों के साथ कीर्तन दीवान सजाया। इसके उपरांत गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी ने दोपहर 1:00 बजे तक कीर्तन दीवान सजाया। अरदास के उपरांत लंगर की सेवा हुई।

## ई-श्रम पोर्टल पर गिग व प्लेटफार्म वर्कर्स के पंजीयन हेतु विशेष शिविर प्रारंभ17 अप्रैल तक चलेंगे पंजीकरण शिविर

उमरिया।

राज्य शासन के निर्देशानुसार गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स सहित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के लिए विशेष पंजीकरण शिविरों की शुरुआत कर दी गई है। यह शिविर 17 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे।इन शिविरों के माध्यम से गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स जैसे कि ऑनलाइन डिलीवरी बॉय, कैब ड्राइवर, फ्रीलांसर आदि श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कर उन्हें पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य इस श्रेणी के श्रमिकों को संबल योजना समेत विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना है, जिससे उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य, बीमा और अन्य आवश्यक लाभ मिल सकें।प्रशासन ने इन पंजीकरण शिविरों को एक लक्षित विशेष अभियान के रूप में चलाने का निर्णय लिया है, जिससे अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों का डाटा राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज हो सके।

जिला प्रशासन ने श्रमिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर अपने निकटतम शिविर में पहुँचकर पंजीयन अवश्य कराएं और इस योजना का लाभ उठाएं।






## खबर संक्षेप



### गुमशुदा नाबालिग को 3 दिवस के अंदर दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**कोतमा।** नाबालिक लड़की परिवर्तित नाम रीनी के पिता थाना चचाई में रिपोर्ट किये कि उनकी लड़की 07/04/25 को सुबह 08.00 बजे बिना बताये कहीं चली गयी है, कि रिपोर्ट पर थाना चचाई में अपराध धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना की गयी विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा 12/04/25 को अपहता गुमशुदा बालिका को श्रीवास्तव मोड़ अमलाई जिला शहडोल से दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी, एसडीओपी सुमित करकेट्टा के कुशल मार्गदर्शन में थाना चचाई से निरीक्षक राकेश उइके सउनि0 लालमणि चौधरी, आर0 नत्थू मोरे, महिला आरक्षक सावित्री सिंह की भूमिका रही।

### किशोर ने लगाई फांसी, मौत

**कोतमा।** थाना अंतर्गत अंतिम छोर में स्थित गोडारू गांव में शुक्रवार को 15 वर्षीय किशोर आयुष केवट पिता रवि केवट का शव घर में फांसी के फंदे पर झूलते पाया गया। नाबालिग के फांसी लगा ने की घटना से आसपास सनसनी फैल गई। मृतक के मामा द्वारा सूचना थाने में दी गई पुलिस ने घटनास्थल पहुंचे शव पंचनामा उपरांत पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया मामले में मर्ग कायम करते हुए जांच की जा रही है। मौत का कारण अज्ञात बताया जा रहा है

### किशोरी के अपहरण की आशंका, मामला दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत समीपी गांव चंगेरी से 16 वर्षीय किशोरी के अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण की आशंका को लेकर परिजनों द्वारा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137(2) बीनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि 16 वर्ष 11 माह की किशोरी जो कि अपने घर से अचानक बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों द्वारा जिसकी तलाश में पास पड़ोस, रिश्तेदार एवं अन्य संभावित जगहों में पता तलाश किए जाने के बाद भी न मिलने पर थाने में अपहरण की आशंका को लेकर मामला दर्ज कराया गया। पुलिस के द्वारा किशोरी की तलाश में टीम गठित कर तलाश की जा रही है।

### नियंत्रण एवं प्रबंधन हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 15 अप्रैल को

**कटनी।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के निर्देशानुसार कटनी जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन मेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) परिसर में निर्धारित थीम ₹गैर-संकमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन अतंर्गत 15 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से शाम 5बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा । शिविर में गैर-संक्रमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे- आमवात ,संधिवात, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि रोगों का निशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी। साथ ही मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की जावेगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ रितु द्विवेदी द्वारा बताया गया है कि इस तरह के शिविर का आयोजन आयुष विभाग द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में प्रत्येक माह में किया जा रहा है। आम जन से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ लें।

# घर मे लगी आग सामान जलकर खाक



**कोतमा।** गर्मी का तापमान बढ़ते ही आगजनी की घटनाएं भी लगातार सामने आने लगी हैं। रविवार की सुबह नगर के समीपी गांव बुढ़ानपुर में रहने वाले कृषक प्रेमलाल प्रजापति के घर में अचानक आग लगने से घर की छानी, धान, जरूरी दस्तावेज, लकड़ी सहित अन्य घरेलू सामग्री जलकर खाक हो गया। आग लगने से लगभग 50 हजार के नुकसान की आशंका बताई जा रही है। सूचना पर नगर पालिका के फायर ब्रिगेड अमला एवं स्थानीय लोगों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि प्रेमलाल के घर के समीप ही कुछ कचरा जलाया जा रहा था इस दौरान हवा चलने से आग की लपटे प्रेमलाल के घर तक पहुंच गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण करते हुए घर की छानी, धान सहित अन्य सामग्री को जला दिया। आग की खबर के बाद गांव में सनसनी फैल गई और भारी भीड़ एकत्र हो गई। लोगों द्वारा आसपास के हैंड पंप व घरों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस व राजस्व अधिकारी को दिए जाने की तैयारी की जा रही थी।

# रामनगर पुलिस ने 5 जुआरियों के विरूद्ध किया प्रकरण दर्ज

रामनगर।



पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा विगत दिनों अवैध गतिविधियों जुआ सट्टा पर प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमति आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुमित कौशिक को प्राप्त सूचना के आधार पर 11 अप्रैल को हमराह स्टाफ के कस्वा देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई क्कि 7- 8 मैग्जीन के बगल से आम रोड़ के किनारे बिजली के खम्वे की रोशनी में कुछ जुआडियों तास पत्ते के माध्यम से रूपये पैसों का दाव लगाकर हारजीत का जुआ खेल रहे है। सूचना की तस्दीक हेतु हमराह स्टाफ तथा साक्षीगण को साथ लेकर मुखबिर के बताए उपरोक्त स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो 'मौके पर पहुंचते हुए जुआडियान पुलिस को देखकर अधेरे का फायदा उठाकर जगल तरफ भाग गये तथा जुआ फड़ से कुल नगदी 1050 रूपये तथा तास के 52 पते, बिछानी वाली लाल कत्थे रंग की दरी व घटनास्थल से फरार आरोपी चालकों की 05 नग मोटर साइकिल क्रमशः हीरो एचएफ डिलक्स ब्लैक बेल्यू रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 65 जेडए 7199 कीमती 30,000 रूपये बजाज ब्लेक रजिस्ट्रेशन नबर एमपी 18 एफ 9८92 कीमती 18,000 रूपये, होण्डा साईन ब्लेक रेड रजिस्टेशन नबर एमपी 65 जेड सी 1782 कीमती 35,000 रूपये, हीरो एचएफ डीलक्स रेड कलर की सोल्ड कीमती 40,000 रूपये, बजाज पल्सर ब्लैक रेड रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 65 एमई 9255 कीमती 45,000 रूपये सभी मोटर साइकिल पुरानी इस्तेमाली कीमती मशरूका जप्तशुदा वाहन कुल कीमती 1,68,000 रूपये कुल कीमती मशरूका नगटी राशि सहित 1,69,050 रूपये समक्ष गवाहो के धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मौके से जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा मौके से फरार जुआडियान की पता तलाश की गई कोई पता नहीं चला बाद जप्त शुदा वाहनों को स्टाफ के माध्यम से थाना लाया गया उपरोक्त 05 नग मोटर साइकल के फरार आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 78/25 धारा 13 जुआ एक्ट का कायम किया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी रामनगर उप निरीक्षक सुमित कौशिक, प्रआर० निरंजन खलखो, अमित पटेल, राहुल प्रजापति, हरीश डेहरिया, आरक्षक मनोज उपाध्याय, मदकेंद्र पटेल का योगदान रहा।

# अपहृत बालिका को जैतहरी पुलिस ने परिजनों को किया सुपुर्द

जैतहरी।



फरियादी परिवर्तित नाम रामलाल उपस्थित थाना जैतहरी आकर जबानी रिपोर्ट लेख कराया की वह गांव मे रहकर जेसीबी मे ड्रायवरी का काम करता है उसकी बडी लडकी परिवर्तित नाम गौरी उम्र 16 वर्ष 03 माह की है जो इस वर्ष कक्षा 10 वी की पढाई छोडकर घर मे ही रहती थी। वह 29/03/2025 को पास के गाव मे था रात करीब 09.30 बजे उसकी पत्नी फोन से बताई की मै करीब 02 बजे घर के बगल मे बनी टंकी मे नहाने चली गई थी फिर नहाकर वापस आई तो देखी की लडकी गौरी घर मे नही थी तब वह अपनी सास से पूछी की लडकी कहा है तो वह बताई की घर के बाहर कुल्फी लेने गई थी इसके बाद कहा गई उसे नही पता है फिर वह नात रिस्तेदारो एवं पड़ोसियों तथा गांव के आसपास पता किया लडकी का कोई पता नही चला। मुझे शंका है कि मेरी लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है । रिपोर्ट पर थाना जैतहरी मे अपराध धारा 137 ( 2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपृहता की तलाश हेतु टीम गठित कर दस्तयाबी हेतु निर्देश दिये गए इसके पालन में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अनूपपुर के मार्ग निर्देशन में जैतहरी पुलिस के व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुये लगातार प्रयास उपरांत 13/04/2025 को अपह्त बालिका को दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष कथन कराकर अपहता को सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया है।

### लापता हुए किशोर को पुलिस ने किया बरामद

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने लापता किशोर को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी में नाबालिक बालक की तलाशी का अभियान चलाया और अंततः कटनी नगर से बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल की दोपहर 12 बजे 15 वर्षीय किशोर अपने माता व पिता के काम पर जाते ही घर में अपने छोटे भाई को खेलने जाने का कहकर अपने दोस्तो के साथ ट्रेन पकड़कर उज्जैन घूमने के लिए निकल गया और जब शाम तक नाबालिक घर वापस नही आया तो परेशान माँ थाने पहुंची। माधवनगर पुलिस ने धारा- 137(2) बीएनएस का प्रकरण कायम कर अपहत बालक की कटनी एवं सीमावर्ती जिलो के साथ साथ जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी में लगातार तलाश कर रही थी। अंततः अपहत को मुखबिर की सूचना पर कटनी नगर से सउनि बैजंती सिंह ने आरक्षक रणविजय यादव, सुभाष यादव, अनूप सिंह के साथ मिलकर दस्तयाब किया। जिसकी प्रारंभिक कार्यवाही बाद पुलिस ने अपहत को उसकी माता को सुपुर्द कर दिया।

### फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय को विश्वसनीय मुखबीर की सूचना पर ग्राम रैपुरा में मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जो स्थायी वारंटी छोटू उर्फ प्रकाश कोल पिता दयालु कोल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रैपुरा थाना कुठला को पकडा गया उक्त स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक का 17 अप्रैल को

**कटनी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है । उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिला पंचायत की पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव पर कार्यवाही पालन प्रतिवेदन संबंधित विभागों के एजेण्डा के साथ चर्चा व समीक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आर ई इस, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, 15वा वित्त योजनांतर्गत कार्यों का अनुमोदन सहित चर्चा व समीक्षा की जायेगी। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष , उपाध्यक्ष और सामान्य सभा के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

## शासकीय जमीनों के साथ ही निजी भूमियों पर भी भू माफियाओं की गिद्द जैसी नजर

कोतमा। जिले मे शासकीय जमीनों के साथ ही निजी भूमियों पर भू माफियाओं की नजर गिद्द जैसी लगी हुई है। आये दिन जमीनी विवाद को लेकर किसानो के बीच लड़ाई झगडे होने के साथ ही खुनी संघर्ष भी हो रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हल्का पटवारी रेउसा में जब से पदस्थ हुए है तब से वह मुख्यालय में निवास न बनाकर दूसरे जगह से आना जाना करते हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत रेउसा का सामने आया है। जिसमे पंचायत के मुखिया का भी समर्थन है वर्षो से अजय राव की पुस्तैनी ज़मीन रेउसा मे थी जिसमे रेउसा सरपच की नज़र पड़ी और तुरंत ही अपने पंचायत के पंच को सक्रिय कर ज़मीन हड़पने का प्लान तैयार कर लिए और कोठी निवासी अंजनी राव नामक व्यक्ति को पकड़ कर सीधा अजय राव के परिवार का सदस्य बनाकर सेजरा तैयार कर पटवारी साहेब को सौप दिया गया। मजे की बात तो यह है कि जैसे ही अंजनी राव क़े नाम जमीन हुई तुरन्त हीं लेन देन का सिलसिला चालू हो गया जमीन रेउसा पंचायत मे वारिसदार कोठी पंचायत का पट्टे राजिस्ट्री मे गवाह ख़मरौध पंचायत का और खरीदी करने वाले रेउसा ग्राम पंचायत क़े है। पीडित परिवार ने कोतमा थाने सहित पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। 15 दिवस बीत जाने क़े बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है ।

# संदेशों के माध्यम से जागरूकता जनभागीदारी से चल रहा अभियान

उमरिया।




कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह के मार्गदर्शन में "जल गंगा संवर्धन अभियान" जिले में सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कोहका 47 में दीवार लेखन के माध्यम से जन-जागरूकता का कार्य किया जा रहा है।

मप्र जन अभियान परिषद करकेली की नवांकुर संस्था कोहका 47 की अध्यक्ष सुनीता तिवारी द्वारा दीवारों पर प्रेरणादायक नारों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। "जल का संरक्षण करे सारे काम - सुख समृद्धि के रचे आयाम", "शिक्षा ज्ञान बचाती है - पानी जान बचाती है", "पानी बचाओ, भविष्य बचाओ" जैसे संदेश लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

अभियान के तहत जल संरचनाओं का निर्माण, गहरीकरण, बोरी बंधान, साफ-सफाई, जीर्णोद्धार तथा अमृत सरोवर और खेत तालाब निर्माण जैसे कार्यों को गति दी जा रही है।

यह अभियान केवल सरकारी स्तर तक सीमित न रहकर अब एक जन अभियान बनता जा रहा है, जिसमें सभी वर्गों के लोग अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और यह सिलसिला 30 जून तक अनवरत जारी रहेगा।

### बड़वारा एवं आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा मंदिरों में हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा ग्राम के पुरातन ऐतिहासिक हनुमान ताल में स्थापित हनुमान जी के मंदिर में हनुमान जयंती पर हजारो की संख्या में श्रद्धालु जन महाबीर हनुमान जी के दर्शन को पहुंचे। श्रीराम भक्त हनुमान जी की प्राचीन सिद्ध मूर्ति बड़वारा में हनुमान ताल में विराजमान है जहां पर प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को धर्म प्रेमी बंधु पहुंचते हैं एवम पूजन करने के साथ ही रात्रि में रामायण का गायन भी करते हैं । शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोग इस सिद्ध स्थल पर पहुंचे व संकट मोचन महाबली हनुमान जी की श्रद्धा पूर्वक पूजा किये। संकटमोचन जी का अभिषेक किया गया। हनुमान जी की आरती के गायन से मंदिर परिसर हनुमान जी के रंग में रंग गया।



### निकाली गई शोभायात्रा

बड़वारा नगर में रामभक्तों ने पवन पुत्र हनुमान जी के प्रकटोत्सव पर भगवाम राम सीता लक्ष्मण के साथ ही हनुमान जी को आकर्षक रथ में विराजमान कर नगर में शोभा यात्रा निकाली जिसका नगर वासियों के द्वारा जगह जगह पूजन स्वागत किया गया। भगवा रंग से झंडे लहराते भक्तों में अपार खुशी की झलक दिखी। हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसकी प्रसाद लेने लोगों में उत्साह रहा। हनुमान ताल में हनुमान मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने महा प्रसाद प्राप्त किया।

बड़वारा बस स्टैंड में भी समाज सेवियों के द्वारा हनुमान जी की पूजा की गई व भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया।

बड़वारा थाना में हनुमान मंदिर में बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी व स्टाफ के सौजन्य से मारुति नंदन की विधि विधान के साथ पूजा की गई एवम भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें राहगीरों के साथ ही स्थानीय व गणमान्य जनों के साथ ही श्रद्धालु जनों ने भंडारे की प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में रामायण मण्डली के द्वारा रामायण का वाचन किया गया।

### बजरंग धाम पठरा

संकटमोचन मारुति नन्दन अंजनी पुत्र राम भक्त हनुमान जी के प्रकटोत्सव पर बजरंग धाम पठरा में स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विभिन्न आयोजन किये गए। मंदिर के प्रमुख पुजारी पँडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर संकटमोचन हनुमानजी का जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजन किया गया। श्रद्धालुओं के द्वारा कथा एवम हवन का आयोजन किया गया। स्थानीय व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी संख्या भगवान महावली हनुमान जी के दर्शन को एकत्रित हुई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी संख्या मंदिर में हनुमान जी के दर्शन व पूजा करने के लिए पहुंची। श्रद्धालु जनों के द्वारा मंदिर परिसर में कथा श्रवण की गई । मंदिर में रामायण मण्डली के द्वारा राम नाम का संकीर्तन किया गया। मंदिर में परिसर में ही भव्य विशाल भंडारे का स्थानीय जनों व मंदिर कमेटी के द्वारा आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में भंडारे की महा प्रसाद का वितरण किया गया।

# जिले में ग्राम सभाओं का आयोजन कल से होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में 14 से 18 अप्रैल तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने संबंधित विभागों ,जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों को ग्राम सभाओं में संपादित की जाने वाली चिन्हित गतिविधियों पर ग्रामीणों से चर्चा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ग्राम सभाओं का व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित कराने नोडल अधिकारियों की तैनाती करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नही किये जाने हेतु जागरूकता, बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजना पर चर्चा,की जायेगी। साथ ही स्कूलों और ऑगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा होगी।

शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित,पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेश कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेश का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से स्वीकृति पर चर्चा की जाएगी।

# सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाए सभी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

विजयराघवगढ़ में भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। विधायक संजय पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज बूथ से लेकर देश के बड़े हिस्से में भाजपा सत्ता के माध्यम से जनसेवा कर रही है । भाजपा का एक एक कार्यकर्ता भारत की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के मिशन में अपना योगदान दे रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में हमारी सरकार देश को विकास लिए लगातार कार्य कर रही है आज विश्व में भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मोदीजी नेतृत्व में अखंड भारत निर्माण को गति मिलेगी जल्द ही पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विश्वास और स्थायित्व का माहौल बना। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने न केवल विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सम्मान दिया। भाजपा ने महिला सम्मान के लिए 33% आरक्षण क़ानून लागू किया है।

मैं आप सभी कार्यकताओं से केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याण की योजना को जनजन तक पहुंचाए और देश के विकास में अपना भी योगदान दें। मैं चाहता हूं आपके गांव बस्ती का विकास बूथ स्तर के कार्यकर्ता के मन के अनुरूप विकास हो आप सभी विकास कार्यों की रूप देखा के विषय में अपने विचार जरूर बताएं।

**खबर संक्षेप**

## समूह लोन के नाम पर की गई धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**कटनी।** लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं के साथ जालसाजी करने के मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र के दद्दा धाम स्थित एक स्माल फाइनेंस बैंक के कर्मचारियों ने समूह लोन के नाम पर 80 महिलाओं के साथ 19 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में जयहिन्द राजभर 29 निवासी दद्दा धाम माधवनगर कटनी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों आशू यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, शिवम शर्मा पर मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि सूमह लोन जमा करने के नाम पर महिलाओं से 25 मार्च 2024 से 30 नवंबर 2024 के बीच रुपए लिए गए। इन महिलाओं ने भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन दद्दा धाम से समूह लोन लिया था। मामले में झिंझरी चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। अभी आरोपी पुलिस पकड़ से दूर हैं।

## सीएसआईआर नेट प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु व्याख्यान आयोजित

**कटनी** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सीएसआईआर नेट प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी हेतु अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर प्रणव मिश्रा सहायक प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय दमोह उपस्थित रहे। डॉक्टर प्रणव मिश्रा द्वारा सीएसआईआर नेट परीक्षा की विस्तृत जानकारी दी गई।उनके द्वारा सीएसआईआर नेट प्रतियोगी परीक्षा के पाठ्यक्रम, प्रश्नपत्र के विभिन्न भागों तथा उत्तर ढूंढने के सरल उपायों पर चर्चा की गई। डॉ मिश्रा द्वारा सीएसआईआर नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने में सहायक पुस्तकों तथा अन्य संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की भी जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यकम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा इस परीक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कार्यकम का संयोजन संगीता बासरानी सह संयोजन डॉ सुची सिंह तथा डॉ शैलजा बरसैंया द्वारा किया गया।

## ग्रामों में दीवार लेखन कर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी।** जिला प्रशासन कटनी द्वारा जारी दिशा-निर्देश के परिपालन तथा जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पटना मढिया में नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी धनीराम द्वारा जल संरक्षण हेतु दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। वहीं विकासखंड ढीमरखेड़ा नवांकुर संस्था पिपरिया सहलावन, एवं सीएमसीएलडीपी छात्रों द्वारा ग्राम की सार्वजनिक दीवारों में नारे लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

### नल जल मिशन को ठेकेदार लगा रहे बट्टा, जगह जगह बह रहा पानी

# टूटी है पाइप लाइन, पानी टंकी में होने लगा रिसाव






बुढार।

**नल जल मिशन से गांव गांव तक बिछाई गई नल पाइपलाइन बनने से पहले ही अपनी गुणवत्ता की पोल खोल रहा है और विभाग उदासीन है।**

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकोना एवं कटकोनी नवनिर्मित नल जल योजना में पीसीसी रोड सुधार एवं नाली सुधार एवं सम्पूर्ण घरों में पानी प्रदाय नियमित रूप नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत कटकोना सरपंच राम सजन बैंगा ने कलेक्टर को अपने शिकायत क्रमांक Q/2025 लिखित शिकायत देते हुए अवगत कराया है कि नल जल योजना के ठेकेदार के द्वारा गांव में पाइपलाइन खुदाई के दौरान पीसीसी रोड टीएस 10 लाख की लागत से बनीं एवं आरसीसी नाली की लागत 5 लाख का सुधार कराने की आवश्यकता है,नव निर्माणाधीन पानी की टंकी भी बनने से पहले ही सिपेज हो गई है और प्लास्टर अपूर्ण है, ग्राम कटकोना के हरिजन बस्ती, आदिवासी मुहल्ला,पंडितान मुहल्ला एवं कटकोनी पीने का पानी नियमित रूप से नहीं मिल रहा है और कुछ स्थानों की पाइपलाइन नहीं बिछीं है जिससे ग्रामवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आने बाले समय में ग्रामवासियों को कठिनाई की संभावना बनी हुई है जिसका सुधार कराने के बाद ही ग्राम पंचायत अपने अधिकार क्षेत्र में लेंगी।

### इनका कहना

इस संबंध में पीएचई से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि अभी नल जल मिशन योजना का पूर्ण कार्य नहीं हुआ केवल अभी ट्रायल किया जा रहा है जब ठेकेदार हमें सौंपेंगे तब सारी चीजें जांच की जायेगी।

**अजय श्रीवास्तव एसडीओ पीएचई विभाग शहडोल**

### फसल अवशेष पर आग नहीं लगाने की अपील को किसान दिखा रहे ठेंगा

# प्रतिबंध के बाद भी नरवाई में आग लगाने वालों पर प्रशासन का सख्त रूख, अब तक 11 एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पर्यावरण प्रदूषण को रोकने एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नष्ट होने से बचाने सहित अग्नि दुर्घटनाओं से होने वाली क्षति से बचाव के लिए कलेक्टर द्वारा फसल अवशेष (नरवाई) में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाकर नरवाई में आग लगाने का सिलसिला लगातार चल रहा है। प्रशासन भी सख्त रूख अपना रहा है। फसल अवशेष नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध जिले में अब तक विभिन्न पुलिस थाना में 14 व्यक्तियों के विरुद्ध 11 अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने किसान भाइयों से भूमि की उर्वरता को सुरक्षित रखने और आग लगाने से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के मद्देनजर नरवाई नहीं जलाने का आग्रह किया है। फ़सल अवशेष नरवाई जलाने पर पुलिस थाना उमरियापान में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत बीते शुक्रवार को पिपरिया शुक्ल ढीमरखेड़ा निवासी आनंद पटेल और सुग्रीव प्रसाद कुर्मी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। ग्राम पिपरिया शुक्ल के ग्राम कोटवार सूरज प्रसाद



दाहिया ने पंचनामा और हल्का पटवारी का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर एफ आई आर दर्ज कराया है। जिसमें उल्लेखित किया गया है कि हल्का पटवारी नंबर 44 के खसरा नंबर 607 में आनंद पटेल ने और खसरा नंबर 623 में सुग्रीव कुर्मी ने नरवाई में आग लगाया है।

### स्लीमनाबाद थाना में एफआरआर

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन है। इसके अलावा स्लीमनाबाद पुलिस थाना में शुक्रवार की देर शाम ग्राम धरवारा निवासी प्रमोद पटेल के विरुद्ध नरवाई जलाने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।धरवारा पटवारी उमेश कुशवाहा द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में उल्लेखित है कि धरवारा खसरा नंबर 1278 रकवा नंबर 0.84 हेक्टेयर भूमि,जिसके भूमि स्वामी लखन लाल पिता डेलन राम हैं। इस भूमि पर सिकमी कृषक प्रमोद पटेल निवासी धरवारा द्वारा आग लगाया जाना पाया गया। पटवारी के मौका मुआयना और पंचनामा के आधार पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी आदेश के उल्लंघन करने के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### इनके विरूद्ध मामला दर्ज

हल्का पटवारी ग्राम जरवाही नंद लाल ताम्रकार ने पुलिस थाना माधवनगर को दिये पंचनामा ,प्रतिवेदन पत्र में लिखा है कि ग्राम गैतरा निवासी भूमि स्वामी सह खातेदार शिवकुमार पिता ईश्वरी प्रसाद पटेल ने खसरा नंबर 1146 में गेहूं की फसल काटने के बाद आग लगा दिया था।इस पर शिवकुमार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।एक अन्य मामले में पुलिस थाना कैमोर में मुकेश कोरी निवासी घोरवई थाना बदेरा जिला मैहर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। मुकेश कोरी ग्राम पड़रेही में तीर्थ पांडेय और नारायण पाण्डेय के खसरा नंबर 112 रकवा 1.29 हेक्टेयर भूमि को ठेके पर लेकर कृषि कार्य करता है। फसल कटाई के बाद फसल अवशेष को मुकेश ने जला दिया था।इस पर पड़रेही हल्का पटवारी श्रीप्रकाश गुप्ता ने पंचनामा और मौका मुआयना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर मुकेश कोरी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करा दिया।

## बालाजी मंदिर से झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



हनुमान जयंती के अवसर पर सिलौंडी में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें हनुमान कुटी बाजार मोहल्ला में सुभाष राय, राहुल राय के परिवार के सहयोग से 24 घंटे अखंड रामायण पाठ के बाद हवन पूजन भंडारा हुआ।

श्री बालाजी मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी माता की झांकी के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। सुंदरकांड के बाद श्री बालाजी मंदिर में भंडारा का आयोजन हुआ।

पुलिस चौकी के पास दक्षिण मुखी हनुमान जी की प्राण की नव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। चक्रवर्ती समाज के विशेष सहयोग से मंदिर का नव निर्माण हुआ।

संत श्री श्री 1008 दामोदर दास के सानिध्य में पूजन पाठ श्री संयोग शास्त्री और गोपी महाराज ने कराया।और विशाल भंडारा भी किया गया।जिसमें ग्राम के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राय,सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय,पूर्व सरपंच डॉक्टर मनमोहन राय,रमेश राय ,डॉक्टर प्रशांत राय ,कपिल राय , भरत राय , शंकर लाल, समिती अध्यक्ष बालमुकुंद चोबे ,अक्षय राय,दुर्गा श्रीवास ,नीरज राय ,अरविंद सोनी ,अमरीश राय,मनीष दहिया सहित शामिल हुए।ओमकार सोनी , जितेंद्र सोनी जी का विशेष सहयोग रहा हैं। शाम को 4:00 बजे से विशाल वाहन रैली मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ,अमरेश राय,सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में निकली गई जो की पूरे क्षेत्र नेगई, सगमा,लालपुर , अतरसुमा होकर पंचमुखी दरबार में समाप्त हुई। सिलौंडी बस स्टैंड में सनत राय आशु राय के परिवार के विशेष सहयोग से भंडारा का आयोजन हुआ। रात्रि में बड़े हनुमान ,छोटे हनुमान जी मंदिरों में महाआरती और प्रसाद वितरण हुआ।

*निःशुल्क राशन की सुविधा का लाभ लेने कराएं ई केवायसी*

# जिले में हितग्राहियों के ई-केवाईसी के लिए 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कटनी जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क राशन सुविधा का निर्बाध लाभ मुहैया कराने के लिए अभियान स्वरूप में विशेष कैंप लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों का 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराया जाना सुनिश्चित करें।यह निर्देश कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों,नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगरपालिका अधिकारियों, सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को ताकीद किया है कि हर हाल में ई-केवाईसी कार्य 30अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है। इसलिए प्रतिदिन करीब 10 हजार हितग्राहियों का ई-केवाईसी करने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाये। उन्होंने आगाह किया कि वे स्वयं इस कार्य की प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

कलेक्टर श्री यादव ने ई-केवाईसी कार्य में व्यवस्थित गति के लिए अनुविभाग स्तर पर सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी और क्षेत्रीय सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारियों का दायित्व सौंपा है।

### किसी भी उचित मूल्य दुकान पर करा सकते हैं ई-केवायसी

जिला या प्रदेश से बाहर यदि कोई पात्र सदस्य किसी भी राशन दुकान से राशन का उठाव कर रहा है ,तो वह उसी दुकान पर ई-केवाईसी करा सकता है।इसके अलावा यदि किसी भी पात्र परिवार का कोई व्यक्ति बाहर रहता है या फिर घर पर नहीं है। ऐसी स्थिति में किसी भी नजदीकी राशन दुकान पर जाकर वह ई-केवाईसी करा सकता है।

### हितग्राहियों से अपील

कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा है कि 30 अप्रैल तक की समयावधि के भीतर समस्त राशन पात्रता पर्चीधारी अपना ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से करा लेवें। ताकि हितग्राहियों को मई माह में भी बिना किसी व्यवधान के निर्बाध राशन मिलता रहे।

### 1.83लाख हितग्राहियों की होनी है ई-केवाईसी

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 9 लाख 47 हजार 105 हितग्राही हैं। जिसमें से 7 लाख 63 हजार 966 हितग्राहियों की ई-केवाईसी हो चुकी है।इस प्रकार 81 फीसदी हितग्राहियों की ई-केवाईसी हो गई है। लेकिन 1 लाख 83 हजार 139 हितग्राही अभी भी ई-केवाईसी के लिए शेष है, जिनकी अभियान चलाकर ई-केवाईसी कराने कलेक्टर ने निर्देशित किया है।

### कवियों ने गीत, गजल एवं कविता पाठ से बांधा समा



विजयराघवगढ़ स्थित राजकोठी प्रांगण में सार्वजनिक कालिका उत्सव समिति के तत्वावधान में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कटनी से आए ख्यातिलब्ध कवियों ने शानदार रचनाएं पढ़कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए और तालियां बटोरी। शाम को कवि सम्मेलन मां काली की स्तुति और मां सरस्वती की वंदना से किया गया। इसके बाद वरिष्ठ कवि रामनरेश विद्यार्थी ने पल दो पल क्या मिले आपसे, आपसा आचरण हो गया, कवि लखन डेहरिया अंजान ने मां रूठ जाए तो शिवाला रूठ जाता है, डॉक्टर राजेश प्रखर ने राष्ट्र भक्ति पर मिटने वाले मृत्युंजय कहलाते हैं, कवि मकसूद खान नियाजी ने एक परिंदा आशियाना ढूंढता है, कवि अजय त्रिपाठी ने बलिदानी जो उनका पुण्य धारा अभिनंदन करती है आदि रचनाओं के माध्यम से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध किया। कवयित्री अर्चना सोनी ने शानदार कविता पढ़कर तालियां बटोरीं। कुंवर अभिजीत सिंह ने बताया कि कवि सम्मेलन करीब 8 बजे प्रारंभ हुआ जो देर तक जारी रहा। संचालन कवि मकसूद खान नियाजी ने किया। राजकुमारी श्रीमती शारदा सिंह और समिति के सदस्यों ने कवियों को सम्मानित किया।

*ग्राम मगरहटा में जल संवाद संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन*

# जल संरक्षण और संवर्धन के लिए उठे हजारों हाथ, श्रमदान कर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले भर मेंविभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर आमजनों को जल संरक्षण और संवर्धन का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को विकासखंड बड़वारा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की एवं ग्रामीणों की संयुक्त सहभागिता से बरगवा नंबर 2 ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम मगरहटा मे जल संवाद संगोष्ठी कार्यक्रम, एवं राम घाट पर साफ-सफाई का कार्य किया गया।

जन अभियान परिषद से जिला



समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के द्वारा ग्रामवासियों ने जल संवाद किया गया। संवाद के माध्यम से जल के संचयन हेतु विभिन्न आयामों के द्वारा जल स्त्रोत को बचाने हेतु प्रकाश डाला गया। जनपद सदस्य विनय नागवंशी द्वारा अपने ग्राम में विभिन्न आपूर्तियों का अभाव एवं विशेषता को बताते हुए ग्राम वासियों की मनसा को प्रकट करते हुए प्रशासन से स्थल को पर्यटन के रूप में रखे जाने की मांग की। विकासखंड समन्वयक बड़वारा नंदिनी वाटिया के द्वारा सभी ग्राम वासियों का जल गंगा संवर्धन अभियान कार्य को उत्साह पूर्वक किए जाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान परिषद से डॉक्टर तेज सिंह केशवाल एवं ब्लॉक समन्वयक नंदिनी वाटिया, जनपद सदस्य विनय नागवंशी एवं , उपसरपंच प्रतिनिधि अनिल चौधरी की उपस्थिति में नवान्कुर संस्था , मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत परामर्शदाता , प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सामूहिक श्रमदान कर रामघाट मे सफाई का कार्य किया जाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

*श्रमदान एवं रैली निकालकर जल संरक्षण का दिया संदेश*

# जल स्रोतों को साफ स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी, वर्षा जल संवर्धन की करें तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है इस अभियान को सफल बनाने के लिए मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक के मगरहटा और भदौरा नं.1 और बिजौरी में नाले व तालाब की साफ सफाई और खुदाई का कार्य किया गया। ढीमरखेड़ा ब्लॉक के सलैया, कोकोडबरा और दादर सिहुडी गांव में तालाब की साफ सफाई और रैली निकालकर इसी प्रकार से बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के अलग अलग गांव में दीवाल लेखन, रैली निकालकर, बैठके कर जल संरक्षण का सन्देश पहुँचाया। अभियान के दौरान महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया गया।



पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ सफाई और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। नाले एवं तालाब का गहरीकरण कार्य किया गया। जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। इस अभियान के माध्यम से जल स्त्रोतों की सफाई, जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जन जागरूकता फैलाना है। जल संरचनाओं और जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना।

खबर संक्षेप

## अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुये किरगी सचिव फूलचंद मरावी



**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के प्रांताक्षध्यक्ष चौ मुकेश मौर्य ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ के ग्राम पंचायत किरगी राजेन्द्रग्राम के सचिव फूलचंद मरावी को मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स का आगामी आदेश तक जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री मरावी के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकली भव्य शोभा यात्रा



**अनूपपुर।** प्राचीन श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। पूरा अनूपपुर जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से गुंजायमान होता रहा। श्री शिव मारुति मंदिर में सुबह से पूजा एवं विशेष अनुष्ठान किया गया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा।शाम 5 बजे हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा शहर में निकाली गई। भव्य शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। फूलों की वर्षा की गई जिससे पूरा शहर फूलों की नगरी सा प्रतीत होने लगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के कलाकारों के कर्मा, नृत्य ने शहर का माहौल ही बदल दिया। राजस्थान की मनमोहक झांकियों में रामदरबार, 7 फिट के बाहुबली हनुमान जी एवं हनुमान जी के सिर पर विराजमान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी आकर्षण का केंद्र बिंदु बन रहे।

**शोभा यात्रा की भव्यता बना आकर्षण का केंद्र-** भव्य आयोजन में अनूपपुर जिले के अलावा आस- पास के गांव के हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।शोभा यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। जिसमें मनमोहक झांकियां, आकर्षक साज सज्जा, भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिली। इस दौरान देश भर से आए कलाकार अपने प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति मय बना दिया। शोभा यात्रा के दिन मुख्यालय के अधिकांश बाजार एवं प्रतिष्ठान बंद रहे एवं सभी व्यापारी शोभा यात्रा और कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बस स्टैंड अनूपपुर में संध्या आरती का आयोजन रखा गया। राम कथा, हनुमान चालीसा से सभी श्रद्धालु झूम उठे। शिव मारुति युवा संगठन अनूपपुर ने सभी जन मानस को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आए सभी सभी माताओं, बहनों, सभी साथियों एवं पुलिस प्रशासन को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## रेल्वे स्टेशन के बाहर सुलभ शौचालय नहीं होने से यात्री तथा अन्य लोग हो रहे परेशान

**अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी जिला अनूपपुर महासचिव वरुण चटर्जी द्वारा पार्टी के अन्य साथियों के साथ अनूपपुर रेल्वे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर स्टेशन के बाहर यात्रियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए सुलभ शौचालय बनाए जाने की मांग की गई है।उन्होंने बताया कि देश में ऐसे बहुत सारे रेलवे स्टेशन है जिनका केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है,इसी क्रम में बिलासपुर रेल्वे जोन के अंदर आने वाला सबसे व्यस्ततम अनूपपुर रेल्वे स्टेशन जो कि एक जंक्शन भी है।अनूपपुर रेलवे स्टेशन को भी अमृत योजना के तहत कायाकल्प के माध्यम से यात्रियों के लिए सर्व सुविधाजनक का कार्य लगातार चल रहा है। किंतु उसके बावजूद भी अनूपपुर रेल्वे स्टेशन के सामने की जगह पर यात्रियों तथा अन्य लोगों द्वारा मूत्र विसर्जन किए जाने से उसके दुर्गंध के कारण दूसरे यात्रियों तथा रहवासियों का जीवन नरक बन चुका है।

## ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कार्यवाही में जिले को मिला पहला स्थान

# विशेष अभियान में अनूपपुर ने प्रदेश में प्राप्त किया 11वां स्थान

### पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन का मिला परिणाम

अनूपपुर।

**पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रदेश भर में 1 से 15 अप्रैल तक तीन उद्देश्यों को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान जिसमे सड़क दुर्घटनाओं को रोकना, सड़क दुर्घटना में मृत्यु को रोकना व दुर्घटना घटित होने पर पीड़ित को आर्थिक सहायता मिल सके इस दिशा में प्रयास करना है**



इन्ही उद्देश्यों को लेकर अनूपपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमे मध्यप्रदेश में अनूपपुर जिले को ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कार्यवाही में प्रथम स्थान व विशेष अभियान में मध्य प्रदेश में अनूपपुर जिले को 11 वा स्थान प्राप्त हुआ है। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन हेतु लगातार काम किया जा रहा है व पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशनुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान में लगातार तत्परता से कार्य किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि अनूपपुर पुलिस ने विशेष अभियान में मध्य प्रदेश में 11वां स्थान प्राप्त किया है व ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध कार्यवाही में प्रथम स्थान पर जिला प्रथम स्थान पर रहा है।

### शराबी वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही

सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण शराब के नशे में वाहन चलाना है, जिस पर अंकुश लगाने हेतु एक सप्ताह में ही 23 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जिसमे न्यायालय द्वारा 2,30,000 का जुर्माना लगाया गया। जिससे निश्चित ही शराब के नशे में वाहन चलाने की प्रवृत्ति में कमी आएगी साथ ही दुर्घटनाएं भी कम होगी। सड़क दुर्घटना का दूसरा मुख्य कारण तेज गति से वाहन चलाना है जिस पर अंकुश लगाने हेतु अभियान के दौरान इंटरसेप्टर व्हीकल के माध्यम से ऐसे 32 वाहनों को डिटेक्ट किया गया, जो निर्धारित गति से अधिक गति पर वाहन चला रहे थे, इन वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया गया। वर्तमान समय में माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार प्रत्येक वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाया जाना अनिवार्य किया गया है, जिसकी चेकिंग करते हुए बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट पाए गए 74 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। सड़क दुर्घटना घटित होने पर पीड़ित को उचित मुआवजा मिल सके, इसके लिए वाहन का थर्ड पार्टी बीमा होना आवश्यक है, इसकी चेकिंग करते हुए अभियान के दौरान 9 वाहनों को बिना बीमा पाया जिनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान वाहनों के फिटनेस की भी जांच की जा रही है, जिसमें पांच वाहन बिना फिटनेस पाए गए उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया, साथ ही प्रदूषण सर्टिफिकेट की जांच करने पर 17 वाहनों के प्रदूषण सर्टिफिकेट ना होने पर उनके विरुद्ध भी चालानी कार्यवाही की गई।

## श्री नर्मदे हर सेवा न्यास ने स्वास्थ्य परामर्श शिविर का किया आयोजन



**अमरकंटक।** रीवा धाम बाराती वार्ड क्रमांक 4 अमरकंटक में स्थित नर्मदे हर सेवा न्यास जिसकी स्थापना भगवत शरण माथुर के द्वारा किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण अमरकंटक के गरीब असहाय व्यक्तियों का उत्थान था। इसी क्रम में स्वर्गीय भगवत शर्मा माथुर की जयंती 13 अप्रैल के अवसर पर श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के द्वारा न्यास परिसर में एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आसपास ग्रामीण अंचल से सैकड़ो की संख्या में गरीब असहाय व्यक्ति जिनको बेहतर स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है व इस शिविर में अपना इलाज करवाने के लिए आए हैं। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम जिसमें बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज शहडोल से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर से श्री सतगुरु सेवा नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट से जिला चिकित्सालय अनूपपुर से गनियारी चिकित्सालय बिलासपुर से एवं सेंट्रल हॉस्पिटल सीसीएल धनपुरी शहडोल से डॉक्टर ऑन की विशेषज्ञ टीम जिसमें मेडिसिन स्त्री रोग विशेषज्ञ अस्थि रोग विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञ मानसिक रोग विशेषज्ञ नेत्र रोग विशेषज्ञ नाक कान गला विशेषज्ञ दंत रोग न्यूरो रोग विशेषज्ञ सर्जरी से संबंधित मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र ब्लड डोनेशन कैंप आयुष्मान कार्ड का वितरण सिकल सेल एनीमिया की जांच टीवी रोग की जांच एक जांच सोनोग्राफी बीपी शुगर की जांच यह सभी तरह की जांच निशुल्क एवं मरीज को निःशुल्क दवा वितरण एवं परामर्श भी निःशुल्क नर्द हर सेवा न्यास के द्वारा आज किया गया श्री नर्मदे हर सेवा न्यास के अध्यक्ष राम लाल रौतेल ने बताया कि माथुर साहब की पुण्य तिथि में प्रतिवर्ष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वर्गीय माथुर साहब की यह इच्छा थी कि मानव सेवा के उद्देश्य से न्यास की स्थापना की गई है उसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए श्री नर्मदे हर सेवा न्यास के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें जनकल्याण होती रहे न्यास के अन्य सदस्यों में कोषाध्यक्ष कैलाश विशनानी ने सचिव शिव चौधरी ने एवं सदस्य गण के रूप में उमेश पांडेय ने स्वर्गीय माथुर साहब की पुण्यतिथि में उक्त सफलतम आयोजन को पूर्ण करने की पूरा योगदान दिया। जिसमें उनके सहयोगी के रूप में किशन सिंह दिव्यराज सिंह राम प्रसाद व अन्य सहयोगी शामिल है।

## सुबह-सुबह बैंक में अचानक लगी आग, बैंक को लाखों का नुकसान परंतु कैश सुरक्षित

### दो घंटे के मशक्कत के बाद पाया काबू

अनूपपुर।




जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित एक निजी बैंक में रविवार सुबह आग लगने से बैंक का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बैंक में लगी आग का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए पांच फायर ब्रिगेड की मदद ली गई। इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका है। बैंक कर्मियों की माने तो बैंक का कैश सुरक्षित है। घटना सुबह लगभग 7 बजे की बताई जा रही है जिसे बुझाने में लगभग 2 घंटे का समय लगा। इस घटना से बैंक को लाखों का नुकसान बताया जा रहा हैं। रविवार की सुबह 7 बजे के आसपास के लोगो ने बैंक से धुआं निकलता देख इसकी सूचना बैंक सुरक्षा गार्ड जमुना तिवारी को दी। उसके बाद मौके पर पहुंचे जमुना तिवारी ने मामले की सूचना प्रबंधन सहित जिला प्रशासन और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, जहां दो घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया, लेकिन आग बुझाने तक बैंक का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बैंक की सीलिंग के अलावा कंप्यूटर सिस्टम अन्य उपकरण खराब हुए हैं। घटनास्थल पर पहुंचे बैंक प्रबंधक का आग को बुझाने के प्रयास के दौरान उनका हाथ झुलस गया। वहीं बैंक मैनेजर ने कैश पूरी तरह सुरक्षित बताया है। उन्होंने बताया कि फायर ऑडिट अभी दो महीने पहले ही कराई गई थी। आग बुझाने के लिए नगरपालिका अनूपपुर, जैतहरी, अमलाई की अग्निशमन टीमों के साथ-साथ मोजर बेयर और अमरकंटक ताप विद्धुत केंद्र चचाई की अग्निशमन गाड़ियों ने संयुक्त प्रयास से आग में काबू पाया गया। घटना की सूचना पर एस.डी.ओ.पी. सुमित केरकेट्टा, कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच स्थिति पर नियंत्रण में ले आग पर काबू पाने का लगातार प्रयास किया। बैंक जिस स्थान पर संचालित है उस भवन में कई अन्य निजी बैंक संचालित हैं साथ ही आसपास लोगों के घर हैं जिसके कारण आग के फैलने का खतरा बना हुआ था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर के सक्रिय हो गई। इसके बाद आग बुझने पर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

## नई सोच से होगा बेहतर समाज का निर्माण: डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया

### दो दिवसीय कुर्मवंशीय पटेल समाज का संभागीय सम्मेलन संपन्न



अनूपपुर।

नई सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण से बेहतर समाज का निर्माण संभव है। यह बदलाव शिक्षा, जागरूकता, और सामाजिक मूल्यों के माध्यम से लाया जा सकता है। शिक्षा से लोगों को जागरूक किया जा सकता है और वे बेहतर समाज के निर्माण के लिए अपनी सोच बदल सकते हैं। सकारात्मक सोच के साथ, व्यक्ति समाज के विकास में योगदान कर सकता है और दूसरों को भी प्रेरित कर सकता है। सामुदायिक भावना, सहयोग, और दूसरों की मदद करने की इच्छा से समाज में बदलाव लाया जा सकता है। युवा पीढ़ी को प्रेरित करके, उन्हें सकारात्मक सोच के साथ समाज के विकास में शामिल किया जा सकता है। उक्त उद्गार दो दिवसीय कुर्मवंशीय पटेल समाज के संभागीय सम्मेलन में पहुंचे मध्यप्रदेश राज्य पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने व्यक्त किये, वहीं प्रथम दिवस कुर्मी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्ही एस निरंजन ने कहा कि अंधविश्वास और रूढ़िवादी सोच को तर्कसंगत सोच से दूर करके, समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है साथ ही आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य बनाना हम सबका कर्तव्य है। सभी धर्मों और समुदायों के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव बनाकर, समाज में शांति और एकता स्थापित करनी चाहिए। राष्ट्रीय युवा महासचिव अरूण पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में नैतिकता और ईमानदारी को बढ़ावा देकर, भ्रष्टाचार और अन्याय को कम किया जा सकता है। नई सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण से, हम अपने समाज को बेहतर बना सकते हैं और एक खुशहाल और न्यायपूर्ण दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। कुर्सी समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष तेज बहादुर गौर ने कहा कि हमें मूल रूप से चरित्र पर ध्यान केन्द्रित करते हुए समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करना होगा। इसके साथ-साथ हमें अपनी सोच सकारात्मक बनानी होगी, जिससे हम अच्छे समाज का निर्माण कर सकें। हमें इसके लिए प्रकृति से प्रेरणा लेनी होगी और यह सोचना होगा कि यह संसार एक परिवार की भांति है।

### सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता

कुर्मी समाज के संभागीय अध्यक्ष शहडोल डॉ. व्ही.पी पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नए समाज का निर्माण करने के लिए हमें सामाजिक समृद्धि, शिक्षा की प्राथमिकता, व्यक्तिगत और सामाजिक सम्बंधों में समर्थन, और समाज में समानता और न्याय को बढ़ावा देना होगा। इसके लिए शिक्षा, संगठनात्मक क्षमता, और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होगी। समाज में आज नैतिकता लुप्त होती जा रही है। इसका मूल कारण है चरित्र का पतन होना। हमें मूल रूप से चरित्र पर ध्यान केन्द्रित करते हुए समाज में व्याप्त विसंगतियों को दूर करना होगा। कुर्मवंशीय पटेल सेवा समिति अनूपपुर पुरूषोत्तम पटेल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि समाज में बदलाव आवश्यक है, जिसके लिए हमें प्रकृति से प्रेरणा लेनी होगी और यह सोचना होगा कि यह संसार एक परिवार की भांति है। यह परिवार प्रेम के बल पर चल रहा है। उन्होंने कहा प्रकृति ने भी हमें सबसे प्रेम करना सिखाया है। प्रकृति हमें सदैव कुछ कुछ प्रदान करती है। जहां सभ्य समाज की नींव रखी जाती है। अध्यापक उस संस्थान के वे दीपक हैं जो प्रीति और प्रेम की लौ जलाते हैं। जिस प्रकार प्रकृति अपनी अच्छाई से पर्यावरण को प्रभावित करती है। उसी प्रकार अच्छे लोग भी अपने स्वभाव से समाज में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

### महिलाओं के उत्थान पर हुई चर्चा

दो दिवसीय कुर्मवंशीय सेवा समिति द्वारा आयोजित संभागीय सम्मेलन में महिलाओं ने बढ-चढ कर भाग लिया, जहां उन्होंने मंच के माध्यम से अपनी भागदारी को गर्व माना और कहां अगर पुरूष साथ दे तो हम समाज नही नही अपितु देश को भी गौरवांवित करने का सामर्थ रखते है। जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी सहभागिता निभाने वाले दर्जनों महिलाओं अपने विचार कार्यक्रम के माध्यम से रखीं, जहां जिला पंचायत उमरिया की अध्यक्ष श्रीमती अनुजा पटेल ने कहा कि हम इस बात पर विचार करें कि हमारी आने वाली भावी पीढ़ी का विकास किस प्रकार हो सकता है। हमारे समाज में शांति और संपन्नता किस प्रकार बढ़ सकती है। इस प्रयास के लिए हम अपने बच्चों को ऐसे संस्कार दें कि वह शांतिप्रिय, निर्भीक एवं संपन्न समाज का निर्माण करें। वही संभागीय अध्यक्ष श्रीमती सुषमा पटेल ने कहा कि जब हमारी सोच प्रगतिशील होगी, तो हम एक बेहतर समाज के निर्माण कर सकते हैं। हम परिवर्तनों को स्वीकार कर एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान कर सकते हैं।



## 48 घंटे के अन्दर मोबाईल चोरी के मास्टर माइंड व अन्य 2 आरोपी धराये

### आरोपियों से चोरी गये मशरुका को बरामद कर किया गया जप्त

**भालूमाडा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा पुलिस स्टाफ फरियादी अजय कुमार जायसवाल पिता फूलचंद जयसवाल उम्र 41 निवासी वार्ड न. 09 पीली दफाई भालूमाड़ा का 10 अप्रैल को उपस्थित थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09/04/2025 व 10/4/2025 के मध्य रात्रि मे मेरे भालूमाड़ा में स्थित मोबाइल की दुकान की छत तोड़कर एप्पल कम्पनी की मोबाइल फोन, टेबलेट, ईयर बट्स को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट किया था फरियादी की रिपोर्ट पर अप.क्र. 155/2025 धारा 331 (4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना चोरी गये मोबाईल, टैबलेट व अज्ञात चोरों की पता तलाश की गई जो भालूमाडा पुलिस द्वारा बडी सूझ बूझ एवं तत्परता दिखाते हुए एवं सीसीटीव्ही कैमरे व साईबर सेल की मदद से 48 घंटे के अन्दर आरोपी प्रांसी कुमार पिता सुमित लालपुरी (परिवर्तित नाम) उम्र 16 वर्ष निवासी भालूमाडा के कब्जे से 7 नग मोबाईल फोन कीमती 355597 रुपये की आरोपी सुजाला कुमार पिता अजीत कुमार (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष 10 माह निवासी भालूमाडा के कब्जे से 05 नग मोबाईल फोन कुल कीमती 282398 रुपये की एवं आरोपी अनीश कुमार पिता अशोक कुमार उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 10 दफाई नम्बर 32 भालूमाडा के कब्जे से 07 नग मोबाईल फोन, 01 नग टैबलेट, 01 ईयर बट्स, 01 नग घडी कुल कीमती 411396 रुपये कुल कीमती 1049391 रुपये को आरोपियों के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया व आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया। ज्ञात हो कि आरोपियों ने रात्रि में मोबाईल दुकान की उपर की सीट को काटकर दुकान के अन्दर प्रवेश कर मोबाईलों चोरी की थी। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी भालूमाडा निरी संजय खलको, उप निरी. जे.पी. लकड़ा, स.उ.नि. विनोद द्विवेदी, प्र.आऱ. सुखेन्द्र सिंह, राजकुमार परस्ते, प्रदीप पाण्डेय, आर. चक्रधर तिवारी, स्वदेश सिंह चौहान, भानू प्रताप सिंह, देवेन्द्र सिंह, रविन्द्र मौर्य, देवेन्द्र तिवारी, दिनेश मुजालदे एवं साईबर सेल शाखा अनूपपुर आर. पंकज मिश्रा, राजेन्द्र केवट की भूमिका रही।